पंजीकरण संख्या– S/2626/NW/SDM/2016

# हिंदी विकास संस्थान, दिल्ली

101, पॉकेट–12, सैक्टर–21, रोहिणी, दिल्ली–110086
ईमेलः hindivikassansthan@gmail.com, वेबसाइटः www.hindivikassansthan.com
दूरभाषः 8800338321, 9213249905

प्रतिष्ठा में,
प्रधानाचार्य / प्रधानाचार्या जी!

शिक्षकों ने कोरोना महामारी के दौर में ऑनलाइन शिक्षण के माध्यम से सभी प्रक्रियाओं को पूरा करके यह सिद्ध कर दिया है कि परिस्थितियाँ हमें प्रभावित कर सकती हैं, किंतु परास्त नहीं सकती हैं। उसी क्रम में **हिंदी विकास संस्थान** द्वारा आज के परिप्रेक्ष्य को ध्यान में रखते हुए **अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड–2021** का आयोजन ऑनलाइन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता केवल प्रतियोगिता ही नहीं बल्कि बच्चों की निराशा को आशा में बदलने का अवसर भी है। इस प्रतियोगिता में **कक्षा 1 से कक्षा 12 तक** के विद्यार्थी भाग ले सकेंगे। 'अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड–2021' में भाग लेने वाले प्रत्येक विद्यार्थी को 200/– रुपये देने होंगे, जिसमें 30 रुपये परीक्षा–व्यवस्था कराने एवं अन्य व्यय हेतु विद्यालय अपने पास रखेंगे।

**अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड–2021 के उद्देश्य बिंदु–**

- बच्चों के अंदर प्रतियोगिताओं में भाग लेने की भावनाओं को जगाना।
- बच्चों को सरल तरीके से हिंदी भाषा–संबंधी ज्ञान कराना।
- प्रत्येक कक्षा हेतु निर्धारित पाठ्यक्रम के मुख्य बिंदुओं को इस प्रतियोगिता के पाठ्यक्रम से जोड़ते हुए बच्चों को परीक्षाओं हेतु तैयार करना।
- मानक वर्तनी का ज्ञान कराना एवं समाज में प्रचलित अशुद्ध शब्दों से परिचित कराते हुए उन्हें शुद्ध रूप में प्रस्तुत करना।
- हिंदी भाषा एवं दैनिक जीवन से जुड़ी बातों को पाठ्यपुस्तक में सम्मिलित करते हुए जीवन मूल्यों की सीख देना।

उपर्युक्त उद्देश्य बिंदुओं की पूर्ति एवं अभ्यास हेतु हिंदी विकास संस्थान की ओर से प्रत्येक प्रतिभागी को पंजीकरण के साथ ही **ई–अभ्यास–पुस्तिका** वेबसाइट पर निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। हमें विश्वास है कि इस प्रतियोगिता में भाग लेकर सभी प्रतिभागी गर्व का अनुभव करेंगे।
अतः आपसे अनुरोध है कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली इस ऑनलाइन प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु अधिक–से–अधिक छात्रों को प्रेरित कर कृतार्थ करें।
अपेक्षाओं के साथ,
भवदीय

**डॉ. पीयूष कुमार शर्मा**
अध्यक्ष, हिंदी विकास संस्थान
मोबाइल : 9891411114

# पुरस्कार एवं सम्मान

- **अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड-2021** का आयोजन कक्षा-पहली और कक्षा-दूसरी के लिए एक चरण में तथा कक्षा-तीसरी से कक्षा-बारहवीं तक के लिए दो चरणों में होगा।
- प्रथम चरण में भाग लेने वाले सभी प्रतियोगियों को **प्रशस्ति-पत्र** तथा अपनी कक्षा में **प्रथम**, **द्वितीय** तथा **तृतीय** स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को **पदक** एवं **प्रशस्ति-पत्र** प्रदान किए जाएँगे। प्रथम चरण की परीक्षा में श्रेष्ठ अंक पाने वाले प्रतिभागियों को द्वितीय चरण की परीक्षा में सम्मिलित किया जाएगा।
- द्वितीय चरण की परीक्षा के आधार पर **राज्य/क्षेत्रीय**, **राष्ट्रीय** एवं **अंतर्राष्ट्रीय** स्तर पर विजेताओं को **पदक, ट्रॉफी एवं प्रशस्ति-पत्र** प्रदान किए जाएँगे। दूसरे चरण की परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले विजेताओं को पुरस्कार के रूप में **5100/- रुपये** नकद राशि भी प्रदान की जाएगी।
- **दसवीं** और **बारहवीं** कक्षाओं के विजेताओं के लिए यह पुरस्कार राशि **7500/- रुपये** होगी। इतना ही नहीं, प्रतियोगियों की संख्या और प्राप्त पदकों के आधार पर **श्रेष्ठ विद्यालयों एवं शिक्षकों को भी सम्मानित किया जाएगा।**
- एक से अधिक प्रतिभागियों के समान अंक आने पर सभी प्रतियोगियों को पुरस्कार प्रदान किए जाएँगे। पुरस्कार की धनराशि बराबर-बराबर बाँट दी जाएगी।
- **कक्षा-1** तथा **कक्षा-2** के प्रतिभागियों के लिए विद्यालय स्तर पर ही पुरस्कार प्रदान किए जाएँगे। श्रेष्ठ अंक प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को प्रशस्ति-पत्र के साथ-साथ स्वर्ण, रजत या कांस्य पदक प्रदान किए जाएँगे। अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार एवं सम्मान समारोह का आयोजन सरकार के निर्देशों का पालन करते हुए दिल्ली में किया जाएगा। समारोह की सूचना पहले से ही विद्यालयों को दे दी जाएगी।



